# उ.प्र.राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

## त्रिदिवसीय खेल दिवस कार्यक्रम

## (29–31 अगस्त, 2025)

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

आयोजक–समाज विज्ञान विद्याशाखा

# कार्यक्रम प्रतिवेदन

## (दिनांक 29 अगस्त 2025)

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार की मंशा एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली की अपेक्षानुरूप आज दिनांक 29 अगस्त 2025 को उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के सरस्वती परिसर में त्रिदिवसीय ''राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम'' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रातः 7:30 बजे विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, कुलसचिव, शिक्षक, कर्मचारी एवं शोध छात्रों द्वारा मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात माननीय कुलपति आचार्य सत्यकाम जी ने विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों एवं शोधार्थियों को ''स्वस्थ भारत शपथ'' दिलाई।







**राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए मा.कुलपति जी एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण**









**हाकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यान चन्द जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण करते हुए मा.कुलपति जी एवं वि.वि.परिवार के शिक्षकगण**

शपथ के पश्चात ''एक घंटा खेल के मैदान में'' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 8:00 बजे से 9:00 तक बोरा दौड़, चम्मच दौड़, रस्साकशी एवं खो–खो जैसे मनोरंजक व टीम भावना बढ़ाने वाले खेलों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बोरा दौड़ में विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ अतुल मिश्रा, शोध छात्र संजय सिंह, अंबुज तिवारी, रमन वर्मा तथा कर्मचारी महेंद्र वर्मा द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें से महेंद्र वर्मा ने प्रथम, रमन वर्मा ने द्वितीय तथा संजय सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

चम्मच दौड़ में विश्वविद्यालय के विद्याशाखों के निदेशक प्रो. संतोषा कुमार, प्रो. सत्यपाल तिवारी, शिक्षक डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. शिवेंद्र प्रताप सिंह डॉ. अतुल मिश्रा, डॉ. दिनेश गुप्ता, शोधार्थी अनुराग शुक्ला, संजय सिंह, रमन वर्मा, अंबुज तिवारी एवं कर्मचारी महेंद्र वर्मा एवं चंदन यादव द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौड़ में डॉ. अभिषेक सिंह प्रथम, संजय सिंह द्वितीय तथा अंबुज तिवारी तृतीय स्थान पर रहे।




**चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए प्रतिभागीगण**

रस्साकसी में दो टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रथम दल में प्रो. पीके स्टालिन, प्रो. सत्यपाल तिवारी, डॉ. अतुल मिश्रा, डॉ. शिवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. सुभाष चंद्र पाल, डॉ. दिनेश गुप्ता, डॉ. अभिषेक सिंह, अनुपम एवं संजय सिंहय तथा, द्वितीय दल में प्रो. संतोषा कुमार, डॉ. आनन्दानन्द त्रिपाठी, डॉ. शैलेंद्र सिंह, डॉ. अमित सिंह, डॉ. संतोष भारती, प्रदीप कुमार यादव, रामप्रवेश यादव, अंबुज तिवारी, रमन वर्मा एवं महेंद्र वर्मा द्वारा प्रतिभाग किया गया। अत्यंत उत्साह से खेले गए इस मनोरंजक खेल में द्वितीय दल विजेता तथा प्रथम दल उपविजेता रहा।







**रस्साकसी खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए प्रतिभागीगण**




**बोरा दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए प्रतिभागीगण**

बोरा दौड़ में डॉ. अतुल कुमार मिश्र, संजय सिंह,, महेन्द्र वर्मा, रमन वर्मा, तथा अम्बुज तिवारी ने प्रतिभाग किया। इसमें प्रथम स्थान पर महेन्द्र वर्मा, द्वितीय स्थान पर रमन वर्मा जबकि तृतीय स्थान पर संजय सिंह रहें।

खो–खो में प्रथम दल में डॉ. सुभाष चंद्र पाल, राजेश सिंह, पीयूष दत्त मिश्रा, अंबुज तिवारी, रमन वर्मा तथा महेंद्र वर्माय तथा, द्वितीय दल में डॉ. अतुल मिश्रा, डॉ. संतोष भारती, डॉ. शिवेंद्र प्रताप सिंह, संजय सिंह, अभिलाष पांडेय तथा चंदन यादव ने प्रतिभाग किया। इस खेल में प्रथम दल विजेता तथा द्वितीय दल उपविजेता रहा।







**खो–खो खेल में प्रतिभाग करते हुए प्रतिभागीगण**

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति जी ने सभी प्रतिभागियों के उत्साह एवं खेल भावना की सराहना करते हुए आयोजक मंडल को सफल कार्यक्रम के आयोजन की बधाई दी। इस अवसर पर श्रीमती सीमा सत्यकाम एवं कुलसचिव कर्नल विनय कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका का निर्वहन प्रो. मीरा पाल, डॉ. आनन्दानन्द त्रिपाठी एवं डॉ. त्रिविक्रम तिवारी ने किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. संतोषा कुमार, आयोजन सचिव डॉ. सुनील कुमार एवं सह–आयोजन सचिव डॉ. सुभाष चंद पाल, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. सोहनी देवी, डॉ. योगेश यादव एवं राजेश सिंह रहे। संपूर्ण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों को कर्मचारी एवं शोध छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया। ''राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम'' के दूसरे दिन कल दिनांक 30 अगस्त 2025 को शतरंज, वाद–विवाद एवं योग कार्यक्रम का आयोजन होगा।

**कार्यक्रम प्रतिवेदन**

**(30 अगस्त 2025)**

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार की मंशा एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली की अपेक्षानुरूप आज दिनांक 30 अगस्त 2025 को विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम के दूसरे दिन विविध प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्वाह्न 11:00 बजे से हुई, जब शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कुल आठ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप प्रोफेसर आशुतोष गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान पर डॉ. प्रभात चंद्र रहें।










**शतरंज खेल में प्रतिभाग करते हुए प्रतिभागी गण**

इसी क्रम में मध्यान्ह 12:00 बजे से विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता का विषय था। "क्या खेल व्यक्ति के चरित्र निर्माण में शिक्षा से भी अधिक योगदान करते हैं?" इस प्रतियोगिता में कुल आठ छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिन्हें दो टीमों में विभाजित कर वाद–विवाद कराया गया। परिणामस्वरूप प्रथम पक्ष से संजय सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अभिलाष कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं द्वितीय पक्ष से अजीत ने प्रथम स्थान और दिलीप श्रीवास्तव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. आनंदानंद त्रिपाठी, डॉ. दीपशिखा श्रीवास्तव एवं डॉ. सोहिनी देवी सम्मिलित रहीं, जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती कामना यादव ने किया।







**वाद–विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए शोध छात्रगण एवं निर्णायक मण्डल के सदस्यगण**

कार्यक्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए सायं 4:15 बजे से 5:00 बजे तक योग कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के गंगा परिसर में किया गया। इस अवसर पर माननीय कुलपति आचार्य सत्यकाम जी, कुलसचिव जी, विभिन्न विद्याशाखाओं के निदेशकगण, शिक्षकगण, कर्मचारी तथा शोधार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। माननीय कुलपति जी ने अपने संबोधन में योग को निरोगी और स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए सभी से इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने योग की व्यावहारिक उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में योग शिक्षक अनुराग शुक्ल ने विभिन्न योगासन कराए और उनके लाभों की जानकारी प्रतिभागियों को दी।










**योग कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए मा.कुलपति जी एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण एवं शोध छात्र**

इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर संतोषा कुमार, डॉ आनंदा नन्द त्रिपाठी, आयोजन सचिव डॉक्टर सुनील कुमार, डॉ दीपशिखा श्रीवास्तव, डॉ सुभाष चंद्र पाल,डॉ सोहिनी देवी, डॉ मनोज कुमार, डॉ योगेश कुमार यादव, कामना यादव,श्री राजेश सिंह उपस्थित रहे।

## कार्यक्रम प्रतिवेदन

## (31 अगस्त 2025)

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार की मंशा एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली की अपेक्षानुरूप आज दिनांक 31 अगस्त 2025 को विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम के तीसरे दिन प्रातः 8:00 **साईकिल यात्रा** कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के गंगा परिसर में किया गया जो गंगा परिसर से प्रारम्भ होकर विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर तक गई। साईकिल यात्रा को विश्वविद्यालय के मा.कुलपति आचार्य सत्यकाम जी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।




**साईकिल यात्रा में प्रतिभाग करते हुए विश्वविद्याल परिवार के सदस्यगण एवं शोध छात्र**

इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर संतोषा कुमार,, आयोजन सचिव डॉ. सुनील कुमार, डॉ सुभाष चंद्र पाल, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ सोहिनी देवी, डॉ मनोज कुमार, डॉ योगेश कुमार यादव, श्री राजेश सिंह, डॉ. शिवेन्द्र प्रताप सिंह एवं शोध छात्र उपस्थित रहे।